यूटीयू में बीटेक व अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू

- 12 जून से सात जुलाई तक तीन चरणों में होगी काउंसलिंग
- विश्वविद्यालय के अंतर्गत बीटेक प्रथम वर्ष में हैं 8,098 सीटें

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध राजकीय, सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित 81 कालेजों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बुधवार से आनलाइन काउंसलिंग शुरू हो गई है। तीन चरणों में होने वाली काउंसलिंग सात जुलाई तक चलेगी। विवि में बीटेक की 8,098 सीटें हैं। जेईई मेंस में स्थान पाने वाले छात्रों को राष्ट्रीय मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश दिया जाएगा। वहीं विवि में बीटेक समेत अन्य पाठ्यक्रमों की कुल 12,300 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय को तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई), विधि पाठ्यक्रमों के लिए ला काउंसिल आफ इंडिया से अनुमति मिल चुकी है। विवि के कुलसचिव प्रो सत्येंद्र सिंह ने बताया कि तीन राउंड की काउंसलिंग बुधवार से प्रारंभ हो गई है। यूटीयू के अंतर्गत संचालित बीटेक प्रथम के साथ बीएचएमसीटी, बीए-एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बीसीए, एलएलबी, एमटेक, एमबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमसीए, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी आदि में दाखिले होंगे।